हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 20 मई 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



12 बम्हनी का समाधान शिविर बना सुशासन की मिसाल




13 खिलाड़ियों संग मैदान में उतरे वित्त मंत्री



### सरपंच के नेतृत्व में नाका समिति ने किया चक्काजाम

# चित्रकोट पर्यटन केंद्र चेकपोस्ट सील के बाद मचा बवाल, पुलिस ने किया बल प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात पर्यटन केंद्र में सोमवार को जमकर बवाल देखा गया। एसडीएम नीतीश वर्मा ने समिति द्वारा संचालित नाका को अवैध बताते हुए सुबह सील कर दिया। दरअसल गांव के लोगों की एक समिति इस चेकपोस्ट का संचालन करती है।

- एसडीएम ने कहा : समिति पंजीकृत नहीं, अवैध वसूली की मिली थी शिकायत

चित्रकोट पर्यटन स्थल घूमने आने वाले पर्यटकों से वाहन प्रवेश एवं पार्किंग के नाम पर समिति द्वारा लंबे समय से शुल्क वसूला जा रहा है। एसडीएम ने उक्त समिति को अवैध करार देते हुए नाका को ही सील कर दिया, जिसके बाद आक्रोशित नाका समिति ने गांव के सरपंच भंवर मौर्य के नेतृत्व में मारडूम चौक में चित्रकोट मार्ग को जाम करते हुए प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। सरपंच भंवर मौर्य का कहना है कि मार्च महीने में ही ग्राम सभा कर नई समिति को नाका की जिम्मेदारी दी गई थी। जबकि पुरानी समिति द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया गया। पुरानी समिति पर कोई कार्रवाई न करते हुए नई समिति के काम पर प्रतिबंध लगाने का काम किया गया। उन्होंने लोहंडीगुड़ा एसडीएम के मेहमानों के लिए उचित व्यवस्था समिति द्वारा नहीं किए जाने के चलते यह कार्रवाई करने का आरोप लगाया। तकरीबन 5 घंटे तक समिति के सदस्य कड़ी धूप में सड़क के बीचो-बीच प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान चित्रकोट घूमने आए पर्यटक भी सड़क जाम होने की वजह से परेशान रहे। मौके पर लोहंडीगुड़ा एसडीएम नीतीश वर्मा, तहसीलदार कैलाश पोयम, एसडीओपी ईश्वर त्रिवेदी, थाना प्रभारी रवि कुमार बैगा प्रदर्शन कर रहे लोगों को मनाते रहे, लेकिन बात नहीं बनी। जिसके बाद एसडीएम के आदेश पर सख्ती दिखाते पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने देखते ही देखते महज कुछ मिनट में ही प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटा कर लोहंडीगुड़ा थाने पहुंचा दिया।

#### नाका का संचालन गैरकानूनी तरीके से हो रहा था: एसडीएम

*अपने ऊपर लगे आरोपों पर एसडीएम नीतीश वर्मा ने कहा पर्यटन स्थल में नाका का संचालन गैर कानूनी तरीके से किया जा रहा था। इसको लेकर उनके पास शिकायत की गई थी इसको लेकर वर्तमान समिति को उन्होंने सूचना भी दी, समिति पंजीकृत भी नहीं थी। कथित तौर पर जिस ग्राम सभा में नई समिति को नाका संचालन का आदेश दिया गया उस ग्राम सभा में महज 25 लोगों के ही दस्तखत है इनमें से अधिकतर समिति संचालक हैं।*

### महंगाई भत्ता को लेकर संघ का प्रदर्शन 18 जून को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ भवन का जीर्णोद्धार लोकार्पण कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्रा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेश वाडेर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष आलोक जाधव, प्रदेश महामंत्री विजय लहरे, जिला अध्यक्ष रामचंद्र टांडी कार्यकारी जिला अध्यक्ष पीतांबर पटेल एवं मुख्य संरक्षक पीआर यादव के उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बस्तर जिले का प्रतिनिधि मंडल भी शामिल हुआ। प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक मे महंगाई भत्ता सहित कर्मचारी हितों की अन्य मांगों को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में 18 जून को धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## राहुल गांधी से दुर्व्यवहार, युकां ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर बस्तर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई के नेतृत्व में सोमवार को बिहार के दरभंगा विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ शिक्षा संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे कांग्रेस नेता विपक्ष लो क स भा राहुल गांधी के साथ बिहार पुलिस द्वारा किए दुर्व्यवहार व बेबुनियाद झूठी एफआईआर को लेकर नीतीश कुमार व केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ यूंका पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा हाथों में तख्ती व पोस्टर जलाकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। बिसाई ने कहा कि दरभंगा विश्वविद्यालय के दलित छात्रों के शिक्षा संवाद कार्यक्रम में राहुल गांधी शामिल होने पहुंचे, तो हवाई अड्डे पर बिहार की पुलिस और प्रशासन द्वारा दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें रोका गया। किसी तरह वे दरभंगा विश्वविद्यालय तक पहुंचे तो उन्हें विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं करने ▶▶| शेष पेज 12 पर

- एफआईआर को लेकर बिहार व केंद्र सरकार पर बोला हल्ला



#### ये हुए शामिल

विरोध प्रदर्शन में शहर जिला कांग्रेस महामंत्री शेख जाहिद हुसैन,पूर्व पार्षद बीललिता राव, असीम सूता, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव विक्रांत सिंह, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष संदीप दास,उपाध्यक्ष आकिब रज़ा, उपाध्यक्ष साइमा अशरफ़, महासिचव अनुराग महतो,एनएसयूआई प्रदेश महासिचव ज्योति राव, महासिचव मनोहर सेठिया, युवा कांग्रेस नेता अंकित सिंह,एनएसयूआई प्रदेश सचिव आदर्श नायक, एनएसयूआई जिला सचिव अमित सागर, एनएसयूआई सचिव निर्देश साहू, राजा कश्यप, विरेंद्र मरकाम, अविनाश सिंह, विक्की भोला, सुकमन कश्यप,फरीद अहमद, कुणाल सिंह सहित दर्जनों युवा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## रीयल लाइफ हीरो पुरस्कार से सम्मानित हुए सुशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सुशील कुमार पाण्डेय एवं उनकी संस्था बस्तर सामाजिक जन विकास समिति विगत 22 वर्षों से बस्तर के आदिवासी समुदाय एवं बस्तर के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के कल्याण,उत्थान एवं सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर अपनी सेवा प्रदान कर रही है। कांकेर जिले के ग्राम कोयलीबेडा में जन्मे सुशील ने अपनी करियर की शुरुआत दंतेवाड़ा जिले के ग्राम कटेकल्याण से की। जहां उनके द्वारा 250 स्व-सहायता समूह का गठन कर महिलाओं को न केवल स्वरोजगार का अर्थ सिखलाया अपितु महिला शक्तिकरण के महत्व को बताते हुए उन्हें स्वालंबी भी बनाया। 30 मई 2003 को संस्था बस्तर सामाजिक जन विकास समिति की नींव रखते हुए बस्तर जनजातीय समाज के लोगों के लिए स्वास्थ्य,आजीविका, शिक्षा,कौशल विकास के क्षेत्र तक पहुंच बनाई। वर्तमान में 100 से अधिक कर्मचारियों के साथ कार्यरत संस्था बस्तर सामाजिक जन विकास समिति द्वारा 95000 परिवारों को आजीविका से जोड़ कर उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर रही है। मलेरिया, एचआईवी एड्स, टीबी जैसे बीमारियों की पहचान, रोकथाम एवं इलाज की सेवाएं, बच्चों के अधिकारों, शिक्षा, दत्तक ग्रहण, ▶▶| शेष पेज 12 पर


### वार्ड में असामाजिक तत्वों का डेरा, थाने में शिकायत

**जगदलपुर।** माता संतोषी वार्ड के पार्षद राजेश चौधरी ने थाना प्रभारी बोधघाट को पत्र लिखकर वार्ड के शाहा डेयरी गली और केवरामुंडा डिपो आसपास सुबह और रात तीन चार बजे एक आदमी के मुंह में कपड़ा बांधकर घूमने की शिकायत की है । जो महिलाओं को गलत नियत से पकड़ने की कोशिश कर चुका है । वही वृंदावन कॉलोनी मस्जिद गली में दस ग्यारह बजे तेज स्पीड वाहन से लोग भयभीत है । पार्षद ने ऐसे असामाजिक तत्त्वों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### मादा को आकर्षित करने के लिए नर उत्पन्न करते हैं ध्वनि

# झिंगुर की ध्वनि गूंज रही है बगीचा और जंगल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



अलग खबर

साइकाडा कीड़े की आवाज आजकल बगीचों और जंगल में दिनभर सुनी जा सकता है। तीखी आवाज में नर मादा को आकर्षित करने के लिए ध्वनि उत्पन्न करते हैं । ध्वनि पै दा करने के लिए इनके अधर में विशेष अंग जिसे टिंबल कहते हैं । पाया जाता है जो एक गड्ढे के ऊपर झिल्ली के रूप में मढ़ा रहता है । जैसे की ढोल के ऊपर चमड़ा और मांसपेशियों से इस झिल्ली के तेजी से फड़फड़ाने से तीव्र आवाज पैदा होती है। अलग-अलग प्रजातियों के कीट अलग-अलग प्रकार से आवाज निकालते हैं। 17 साल में वयस्क होने वाली इस कीड़े की आयु वयस्क अवस्था में मात्र कुछ ही दिनों की होती है, क्योंकि प्रजनन के बाद ही नर और मादा मर जाते हैं। मादा प्रजनन करके अंडे पेड़ की छाल के नीचे दे देते हैं । इसके अंडे और अवयस्क बच्चे मिट्टी में 8 फीट नीचे तक सुरंग बनाकर रहते हैं। वयस्क होने पर बाहर आते हैं और अपने प्रजनन काल मतलब मई जून जुलाई तक आवाज उत्पन्न करते हैं। हिंदी में आमतौर पर कह देते हैं और हल्बी में झिंझरी कीड़ा कहा जाता हैं ।

- प्रजनन के बाद ही नर और मादा दोनो की हो जाती है मौत

#### 20 डेसीबल तीव्रता की उत्पन्न करता है ध्वनि

*तीन-चार दिनों से बगीचों में आवाज सुनाई पड़ रही है। यह जानकारी पीजी कॉलेज धरमपुरा के प्राणी विज्ञान के प्रोफेसर सुशील दत्ता ने दी है। यह 20 डेसीबल तीव्रता की ध्वनि उत्पन्न करता है।*


GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

1800+
Success Stories of Chhattisgarh &
A Legacy of Excellence

GOAL छत्तीसगढ़ के सफल छात्रों को AIIMS & JMC RAIPUR में पढ़ने का मौका मिला NEET 2024

NEET की सटीक तैयारी, Goal Institute के साथ !



इस वर्ष नीट 2025 में कठिन प्रश्न आने के बावजूद भी GOAL के 42 QUESTION MATCHED हुए

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.2 | AITS Flash Back-02 (Q.NO.-50)<br>SPOT TEST-02 (Q.NO-29) | 08.09.2024<br>22.01.2025 |
| Q.3 | AITS F.B.-04 (Q.NO-13) | 01.12.2024 |
| Q.8 | DPP-25 (Q.NO-02) | 21.04.2025 |
| Q.9 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-138) | 13.04.2025 |
| Q.11 | DPP-09 (Q.NO-02) | 11.03.2025 |
| Q.20 | DPP-11 (Q.NO-43) | 18.03.2025 |
| Q.27 | DPP-25 (Q.NO-22) | 21.04.2025 |
| Q.32 | SPOT TEST-14 (Q.NO-13) | 23.04.2025 |
| Q.33 | AITS MAJOR TEST -5 (Q.NO-148) | 16.03.2025 |
| Q.34 | AITS MAJOR TEST-10 (Q.NO-148) | 20.04.2025 |
| Q.42 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-06) | 30.06.2024 |
| Q.43 | AITS FLASH BACK-02 (Q.NO-48) | 08.09.2024 |
| Q.45 | MIN TEST-10 (Q.NO-50) | 29.12.2024 |
| Q.48 | DPP-25 (Q.NO-83) | 21.04.2025 |
| Q.51 | AITS MIN TEST-06 (Q.NO-80)<br>AITS MAJOR TEST-06 (Q.NO-20) | 06.10.2024<br>23.03.2025 |
| Q.53 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-38)<br>AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-180)<br>AITS MIN TEST-04 (Q.NO-79) | 23.02.2025<br>09.03.2025<br>25.08.2024 |
| Q.57 | DPP-03 (Q.NO-90) | 28.02.2025 |
| Q.61 | DPP-06 (Q.NO-83) | 06.03.2025 |
| Q.64* | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-93)<br>SPOT TEST-05 (Q.NO-174)<br>DPP-02 (Q.NO-156)<br>DPP-03 (Q.NO-87)* | 07.11.2024<br>19.02.2025<br>25.02.2025<br>28.02.2025 |
| Q.67 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-36) | 13.04.2025 |
| Q.69* | DPP-10 (Q.NO-70)*<br>DPP-20 (Q.NO-71) | 17.03.2025<br>11.04.2025 |
| Q.72 | AITS F.B.-02 (Q.NO-54)<br>DPP-16 (Q.NO-66) | 08.09.2024<br>28.03.2025 |

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.75 | AITS MIN TEST-05 (Q.NO-75) | 22.09.2024 |
| Q.79 | AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-150)<br>SPOT TEST-04 (Q.NO-62) | 03.03.2025<br>09.03.2025 |
| Q.99 | AITS MAJOR TEST-11 (Q.NO-67)<br>DPP-19 (Q.NO-150) | 27.04.2025<br>10.04.2025 |
| Q.103 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-170) | 15.12.2024 |
| Q.105 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-189)<br>DPP-21 (Q.NO-144) | 15.12.2024<br>14.04.2025 |
| Q.106 | DPP-03 (Q.NO-163) | 28.02.2025 |
| Q.116 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-102) | 23.02.2025 |
| Q.117 | AITS F.B.-02 (Q.NO-108) | 08.09.2024 |
| Q.122* | AITS MIN TEST-05 (Q.NO.137)*<br>DPP-18 (Q.NO-137) | 22.09.2024<br>07.04.2025 |
| Q.144 | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-146) | 17.11.2024 |
| Q.150 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-158) | 16.02.2025 |
| Q.152 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-168)<br>AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-118)<br>AITS MAJOR TEST-05 (Q.NO-07) | 16.02.2025<br>16.02.2025<br>16.02.2025 |
| Q.155* | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-166)*<br>AITS MAJOR TEST-03 (Q.NO-31)*<br>DPP-18 (Q.NO-124) | 23.02.2025<br>02.03.2025<br>07.04.2025 |
| Q.156 | AITS MINORTEST-02 (Q.NO-132) | 09.02.2025 |
| Q.163 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-124)<br>SPOT TEST-05 (Q.NO-54) | 23.02.2025<br>19.02.2025 |
| Q.166 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-188) | 30.06.2024 |
| Q.169 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-194) | 14.07.2024 |
| Q.175 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-169) | 14.07.2024 |
| Q.180 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-114)<br>SPOT TEST-13 (Q.NO-79)<br>DPP-25 (Q.NO-94) | 23.02.2025<br>16.04.2025<br>21.04.2025 |

NEET-2025
Question Paper With Answer Key
TYPE : https://bit.ly/4IW8feR

DIRECT ADMISSION
Goal Bhilai & Bilaspur Centre with Scholarship in Chhattisgarh

- For CBSE Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For State Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For Army Family's Child 50%
- For JNV Students 50%
- For 2nd & 3rd Dropper Students 40%
- For All Dropper Students 25%

ADMISSION OPEN - 2025-26

DROPPER BATCH
For NEET / JEE- Classes Starts on
23rd, 30th May & 06th, 13th, 20th, 27th, June 2025

FOUNDATION BATCH
For 11th & 12th - Classes Starts on
23rd May & 02nd June 2025

BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE PH- 0788-4013502 Mob: 74158-84100 98269-43595
RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711 Mob: 77720-60999
BILASPUR: 2ND FLOOR, AMBE TRADE CENTRE, CMD, LINK ROAD, PH- 07752-320345 Mob: 99264-54100

GOAL BRANCHES : DELHI | PATNA | RANCH | DHANBAD www.goalinstitute.org goal institute_bhilai goalinstitutebhilai

# एमवीयू सेवा से ग्रामीण अंचलों को मिली बड़ी राहत, पशुओं का त्वरित इलाज हुआ संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आदिवासी बाहुल्य जिला कोण्डागांव में अब पशुपालकों की मुश्किलें कम होती जा रही हैं। पहले जहां पशुओं के बीमार पड़ने पर इलाज के अभाव में उनकी मृत्यु तक हो जाती थी, वहीं अब मोबाइल वेटरनरी यूनिट एमवीयू जैसी सुविधा से समय पर इलाज संभव हो पा रहा है। यह सेवा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे एलएचडीसीपी योजना के अंतर्गत संचालित हो रही है। जिसने ग्रामीण अंचलों में पशुपालकों को बड़ी राहत दी है।

## कोण्डागांव के पशुपालकों के लिए संजीवनी बनी एमवीयू




## उम्मीद और विश्वास का प्रतीक बनी एमवीयू सेवा



यह सेवा न केवल आंकड़ों में उपलब्धियों को दर्शा रही है, बल्कि लोगों की उम्मीद और विश्वास का प्रतीक भी बन चुकी है। ग्राम पदनार के श्री पोहड़ो की भैंस गंभीर स्थिति में थी जब उसने एमवीयू को सूचना दी। टीम ने मौके पर पहुँचकर मृत बछड़े को सफलतापूर्वक बाहर निकाला और भैंस की जान बचाई। वहीं ग्राम लंजोड़ा के राकेश महेलवार के बैल के साथ सड़क दुर्घटना होने पर एमवीयू टीम ने तत्काल शल्यक्रिया कर उसकी जान बचाई। एमवीयू की ये पहल केवल चिकित्सा सेवा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और भरोसे का संदेश भी दे रही हैं। यह चलती–फिरती अस्पताल अब कोण्डागांव जिले के पशुपालकों के लिए संजीवनी बन गई है।

एमवीयू प्रतिदिन जिले के तीन–तीन गाँवों में जाकर पशुपालकों को उनके द्वार पर मुफ्त इलाज, परामर्श और दवाइयाँ उपलब्ध करा रही है। वर्ष 2024–25 में अब तक यह सेवा जिले के 4643 गाँवों तक पहुँची है। इस दौरान 56210 पशु–पक्षियों का इलाज, 56410 पशुपालकों को निःशुल्क दवाई वितरण, 578 गायों में कृत्रिम गर्भाधान, 3150 बैलों का बधियाकरण, 23002 पशुओं की स्वास्थ्य जाँच और 135586 पशु–पक्षियों का टीकाकरण किया गया है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना की राशि के लिए डीएफओ से मिले ग्रामीण



**जगदलपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री जितेन्द्र सेठिया के साथ ग्ा्रमीणों ने आज डीएफओं को पत्र देकर मुख्यमंत्री वृक्षसंपदा योजना की अनुदान राशि दिलाने की मांग की है । बताया गया कि जगदलपुर रेंज कं अंर्तगत बोदल और नानगुर बीट में जुलाई 2024 में किसानों के द्वारा नीलगिरी सागौन चंदन आदि पौधो का निजी जमीन में रोपण किया गया था । रखरखाव के लिए अनुदान राशि शासन देती है । जो अभी तक नही दिया गया है । पांच ग्रामीण दिनानाथ, जितेन्द्र, रामबती, किशोर और नीला को राशि देने की मांग की गई।

### बिजली कटौती की समस्या पर ज्ञापन देंगे आज

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी कल 20 मई को 11:30 बजे शहर में लगातार बिजली कटौती व बार बार बिजली बंद की समस्या को लेकर विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपेगा। अध्यक्ष सुशील मौर्य ने सभी कांग्रेसियों से इस दौरान पावर हाउस चौक मे उपस्थित रहने को कहा है।

### मातृशक्ति ने भेजी सैनिकों के लिए सहायता राशि



**जगदलपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ की मातृ शक्तियों ने मिलकर भारत सरकार व भारतीय सेना पर गौरवान्वित करते हुए देश की सेना का हौसला बढ़ाने भारतीय सेना के सहायतार्थ 21000 का बैंक ड्राफ्ट प्रधानमंत्री राहत कोष के नाम आज कलेक्टर बस्तर को सौंपा। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष नीलम मिश्रा के नेतृत्व में समाज की सचिव संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष बुला चक्रवर्ती तथा अन्य पदाधिकारीगण,संजना शर्मा,आशा शर्मा,भावना शुक्ला, कीर्ति दुबे, प्रिया मुदलियार,मीनाक्षी जोशी, नीलिमा पाठक, सुश्री हेमा रजक आदि मातृ शक्ति उपस्थिति रहीं ।

### कांग्रेस शासन के समय भाजपा के चुने हुए प्रतिनिधि के साथ होता था भेदभाव : कश्यप

**जगदलपुर।** कांग्रेस के जिला पंचायत सदस्य योगेश बैज जनपद उपाध्यक्ष रहे, तब ही पदमा कश्यप जिला पंचायत सदस्य चुनी गयीं थीं। तब भाजपा के चुने हुए जनप्रतिनिधियों के साथ भेदभाव क्यूं किया जाता था। जिला पंचायत सदस्य पदमा कश्यप का भी नाम नहीं होता था। लोहंडीगुड़ा जनपद पंचायत की अध्यक्ष पदमा कश्यप ने जारी बयान में जिला पंचायत सदस्य योगेश बैज के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि जब कांगेस की सरकार थी, तब सांसद विधायक और जनपद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष का नाम भूमिपूजन के पत्थरों पर लिखा जाता था। आज जब उनका नाम पीडब्लूडी के भूमिपूजन के आमंत्रण पत्र में नहीं लिखा गया तो हल्ला कर रहे हैं । जबकि जनपद उपाध्यक्ष रहते समय भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ भेदभाव करने की शुरूवात उन्होंने ने ही की थी। इस तरह का दोहरा चरित्र कांग्रेसी अपनाते हैं और आरोप लगाने का प्रयास भी करते है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सांसद विधायक जब थे । तब क्या विभाग के अधिकारी कांग्रेस के दबाव में कार्य करते थे। जिला पंचायत सदस्य पूरे 5 साल रहते समय कहीं किसी भूमिपूजन कार्यक्रम के आमंत्रण कार्ड में मेरा नाम तक नहीं होता था । जबकि शिलान्यास पत्थर पर नाम कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों का होता था। जिसमें सांसद, विधायक, जनपद अध्यक्ष, जिला सदस्य, उपाध्यक्ष, सभी कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों का नाम लिखा जाता था । जनपद अध्यक्ष पदमा कश्यप ने कांग्रेस के योगेश बैज से सवाल करते इसका जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि जो जैसा करता है उसके साथ वैसा ही होता है।



## वन मंत्री केदार कश्यप की उपस्थिति में 2891 में से 2832 आवेदनों का निराकरण

# बम्हनी का समाधान शिविर बना सुशासन की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए चलाए जा रहे सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत कोण्डागांव विकासखंड के ग्राम बम्हनी में एक भव्य समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के वन, जलवायु परिवर्तन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

■ बम्हनी क्लस्टर के 20 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

बम्हनी समाधान शिविर में बम्हनी क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले 20 ग्राम पंचायत बम्हनी, सम्बलपुर, कारसिंग, कुसमा, कचोरा, इसलनार, चमई, हंगवा, तोतर, गोलावण्ड, बोरगांव, झारा, मयूरडोंगर, पोलग, खण्डाम, बेतबेड़ा, खचगांव, सोनाबाल, मड़ानार और नगरी से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। इस शिविर में नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं और मांगों के कुल 2,891 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से अब तक 2,832 आवेदनों का त्वरित समाधान किया जा चुका है। सबसे अधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुए, जिनकी संख्या 1,594 थी, जिनमें से 1,570 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। अन्य विभागों से संबंधित आवेदनों पर भी आवश्यक कार्यवाही तेजी से जारी है।



### जल संरक्षण की ली शपथ

शिविर में वन मंत्री श्री कश्यप ने उपस्थित ग्रामवासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जल संकट को रोकने के लिए प्रत्येक घर में वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अपनाना आवश्यक है। पारंपरिक जल स्रोतों की सुरक्षा, सफाई और पुनर्जीवन पर भी उन्होंने विशेष बल दिया।

### वन मंत्री ने कहा - सुशासन ही सरकार की प्राथमिकता



शिविर को संबोधित करते हुए वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप 'अंत्योदय' को साकार करने के लिए राज्य सरकार सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निराकरण कर रही है। श्री कश्यप ने कहा कि बस्तर जैसे सुदूर क्षेत्रें में सड़क, संचार, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं तेजी से पहुँचाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना, महतारी वंदन योजना और तेंदूपत्ता संग्रहण जैसी योजनाओं ने ग्रामीणों के जीवन में ठोस परिवर्तन लाया है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेन्द्र सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्यगण रामदई नाग, यशोदा कश्यप, जनपद सदस्य लीलावती नाग, कमलेश्वरी सेठिया, दीपेश अरोरा, पवन कोर्राम एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच तथा वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह समाधान शिविर न केवल शासन की जवाबदेही को दर्शाता है, बल्कि ग्रामीणों को शासन के प्रति विश्वास और सहयोग का भी अनुभव कराता है। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन–प्रशासन और आमजन के बीच सेतु का कार्य कर रहा है।

### ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

समाधान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को आवश्यक सामग्री और दस्तावेज वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 3 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय की सुविधा दी गई। राजस्व विभाग द्वारा 10 किसानों को किसान किताब प्रदान की गई, जबकि आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 हितग्राहियों को स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। इसके अलावा, 5 ग्रामीणों को जन्म प्रमाण पत्र और 4 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। खाद्य विभाग द्वारा 29 हितग्राहियों को राशन कार्ड उपलब्ध कराए गए, वहीं श्रम विभाग द्वारा 8 श्रमिकों को श्रम कार्ड दिए गए। सहकारिता विभाग द्वारा 10 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य विभाग द्वारा 1 हितग्राही को मछली जाल, और कृषि विभाग द्वारा 12 किसानों को धान बीज वितरित किए गए। इसी प्रकार, उद्यान विभाग ने 20 ग्रामीणों को सब्जी बीज एवं जैविक खाद उपलब्ध कराया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित अन्नप्राशन और गोदभराई कार्यक्रम के अंतर्गत 2–2 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया। इस तरह शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिला, जिससे शासन के प्रति विश्वास और संतुष्टि की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई।

## पिकअप से टकराया ऑटो हादसे में चालक सहित आठ लोग हुए घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर के बड़ेडोंगर रोड में स्थित चिकन मार्केट के पास सोमवार को करीब 1:30 बजे रोड में खड़ी पिकप वाहन से सवारियों से भरी ऑटो टकरा गई। हादसे में ऑटो चालक सहित कुल 8 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल में लाया गया। जिसमें गंभीर रूप से घायल एक युवक को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

■ एक घायल को जिला अस्पताल किया गया रिफर

जानकारी अनुसार ऑटो चालक ग्राम बैलगांव निवासी सियाराम यादव पिता गंगाराम यादव अपनी ऑटो में फरसगांव से सवारी भरकर बड़ेडोगर जा रहा था, तभी नगर के चिकन मार्केट के पास बाइक चालक को बचाने के चक्कर ने रोड किनारे खड़ी पिकप वाहन से टकरा गया। हादसे में ऑटो चालक सियाराम यादव के साथ ऑटो में बैठे ग्राम बड़ेडोंगर निवासी रूपसिंह कूदराम पिता स्व हीरासिंह उसकी पत्नी सुखबती कूदराम, बेटी प्रेरणा कूदराम के साथ बड़ेडोंगर निवासी लखमू यादव पिता स्व बृजलाल और चिंताराम कूदराम पिता स्व हीरामन, ग्राम भंडारवंडी निवासी किशोर नेताम पिता मंगल राम, ग्राम आलोर निवासी सुपोती कोर्राम सवार थे, जो सभी घायल हो गए। जिसमें किशोर नेताम का एक पैर टूट गया जिसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया। बाकी सभी घायलों का फरसगांव अस्पताल में उपचार जारी है।

## युक्तिकरण के मामले में वन मंत्री से मिला शिक्षक संघ प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वर्तमान समय में सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन त्यौहार के अंतर्गत शासन की योजनाओं का लाभ एवं समस्याओं से अवगत होने विभिन्न स्तरों पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, शासन द्वारा दावा किया जा रहा है कि समस्या के समाधान का हर संभव प्रयास कर सुशासन स्थापित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इसी कड़ी में आज कोण्डागांव के बम्हनी में जलवायु परिवर्तन एवं वन मंत्री माननीय केदार कश्यप जी से छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन के साथ मुलाकात कर युक्तिकरण में व्याप्त विसंगति जिसमें मुख्य रूप से 2008 के सेटअप को यथावत रखने, युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व क्रमशः सहायक शिक्षक से शिक्षक शिक्षक से व्याख्याता और व्याख्याता से प्राचार्य प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला प्रधानाध्यापक पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही करने आदि विषय पर चर्चा हुई माननीय मंत्री जी ने प्रतिनिधि मंडल को स्वयं बुलाकर इस संबंध में चर्चा किया एवं जो भी विसंगति है उसे



माननीय मुख्यमंत्री जी एवं संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समाधान निकालने की बात कही। छत्तीसगढ़ प्रदेश संघ शिक्षक संघ के प्रांतीय महासचिव यशवंत देवांगन बस्तर संभाग के अध्यक्ष शिवराज सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष कौशल नेताम, कोंडागांव ब्लॉक अध्यक्ष सुकमन नेताम रामदेव कौशिक महेश कुमार पटेल चंदूलाल देशमुख झापेंद्र पिस्दा दस्सु राम बघेल दशरथ नेताम, फुलधर देवांगन, जलन पटेल, रमेश कोर्राम कमलेश सिन्हा पिलसाय सोरी, गजेंद्र पांडे, दयावती सेठिया, कमला कोर्राम, विनोद मरकाम, रतुराम कोर्राम, रामेश्वर बघेल, मंगल राम पोयम, भूपेंद्र साहू मूंगा टंडन, सुमित्र बघेल, अनूप विश्वास, हितेंद्र श्रीवास, कामदास नरसिंग,मुकेश समरथ, ललिता समरथ, केमती साक्षी, रुक्मणी साहू, अनीता कोर्राम, गीता मरकाम, डमरू मरकाम, चिंटू नेताम, रामलाल नेताम आदि उपस्थित रहे।

## कोंडागांव में हुआ बहुभाषा शिक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर के निर्देशानुसार कोंडागांव के बीआरसी भवन में बहुभाषा शिक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। दीप प्रज्वलन व माँ सरस्वती की पूजा के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में बस्तर डाइट के व्याख्याता राजेन्द्र जोशी, जिला नोडल अधिकारी श्रीनिवास नायडू, बीआरसी सुश्री मालती ध्रुव, बीआरपी नरेश ठाकुर एवं अशोक साहू मुख्य मंच पर उपस्थित रहे।

■ शिक्षकों में दिखा उत्साह, संवादात्मक शैली में हुआ प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में माकड़ी, फरसगांव, केशकाल, बड़ेराजपुर व कोंडागांव विकासखंड से कुल 47 शिक्षकों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा में मातृभाषा आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना है, जिससे बच्चों को उनकी भाषा में सहज एवं प्रभावी शिक्षा मिल सके। मुख्य अतिथि श्री जोशी ने कहा कि बहुभाषा शिक्षा न केवल बच्चों के समग्र विकास में सहायक है, बल्कि उन्हें उनकी संस्कृति से भी जोड़ती है। उन्होंने मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा को बालकों की सीखने की क्षमता बढ़ाने वाला बताया।



### द्वितीय चरण 21–22 मई को

प्रथम सत्र में मास्टर ट्रेनरों श्रवण मानिकपुरी, पुरुषोत्तम पोयाम व बृजलाल यादव ने संवादात्मक व मनोरंजक शैली में प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि बहुभाषा शिक्षा में बच्चों को पहले मातृभाषा में सिखाया जाता है और फिर क्रमशः राज्य व राष्ट्रभाषा की ओर अग्रसर किया जाता है। इससे बच्चों का आत्मविश्वास भी विकसित होता है। सुश्री मालती ध्रुव ने इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का अहम हिस्सा बताया, जबकि श्री नायडू ने इसे बच्चों का मूलभूत अधिकार बताया। प्रशिक्षण का प्रथम चरण 19–20 मई और द्वितीय चरण 21–22 मई को आयोजित हो रहा है। शिक्षकों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए विद्यालयों में इसे लागू करने के लिए खुद को अधिक सक्षम महसूस किया। यह पहल कोंडागांव जिले में बहुभाषा शिक्षा को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

## लोहण्डीगुड़ा के पिकनिक स्पॉट मिनी गोवा में नाबालिग की जलसमाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र में हुए दो अलग हादसे में एक नाबालिग व एक युवक की मौत हो गई। पहली घटना पिकनिक स्पॉट मिनी गोवा की है जहां पिकनिक मनाने गए तीन दोस्तों में एक की डूबने से मौत हो गई। मशक्कत के बाद एसडीआएफ व पुलिस की टीम ने शव को निकालने में कामयाब रहे। वहीं एक अन्य हादसे में एक युवक की पारापुर बड़े नाला डेम में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक शहर के मेटगुड़ा निवासी राज उपाध्याय 17 वर्ष अपने दो अन्य दोस्तों के साथ 18 मई को लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र के पर्यटन स्थल मिनी गोवा में पिकनिक मनाने गए थे। नहाने के दौरान पानी की गहराई का अनुमान नहीं होने से इन्द्रावती नदी स्थित मिनी गोवा में डूबने से राज उपाध्याय की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर लापता नाबालिग की तलाश शुरू कर दी। काफी प्रयास के बाद पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने शव को डूढंने मं कामयाब रही। पुलिस द्वारा पंचनामा व पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### किनारे कपड़े रखे देखकर डूबने का हुआ था अंदेशा



वहीं दूसरी घटना लोहंडीगुड़ा थाना क्षेत्र के पारापुर बड़े नाला डैम की है जहां नहाने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा लोहण्डीगुड़ा पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंचे एसडीआरएफ व पुलिस की टीम द्वारा पारापुर निवासी दसरू पोयामी 37 वर्ष का शव निकाला गया। बताया जा रहा है कि नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने डेम के किनारे उसके कपड़े देखकर डूबने का अंदेशा जताया और पुलिस को इसकी सूचना दी थी। पुलिस द्वारा पंचनामा व पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच कर रही है। लोहाण्डीगुड़ा टीआई रवि बैगा ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दोनों मामले में मामला दर्ज कर शव परिजनों के सौंप दिया गया है।

## करन्दोला समाधान शिविर में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री और वनमंत्री

# शिविर में प्राप्त आवेदनों का विभागीय अधिकारी कर रहे निराकरण : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दो दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान रविवार की शाम को उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा साथ में वनमंत्री केदार कश्यप करन्दोला में सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। समाधान शिविर को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का विभागीय अधिकारी उत्साह के साथ कर निराकरण कर समाधान शिविर में जानकारी दे रहे है। यह आम नागरिकों को तत्काल सुविधा देने की पहल है। इस दौरान उन्होंने करन्दोला में महतारी सदन के लिए 29 लाख की घोषणा भी की।

■ सरकार आम जनता की समस्याओं का समाधान के लिए लगा रही शिविर

वन मंत्री ने कहा कि सरकार ने सभी नागरिकों के हितों को ध्यान रखकर जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। सरकार गांव, ग्रामीणों की समस्या को समझती है, गांवों की आवश्यकता को पूरा ध्यान रखती है, इसलिए सुशासन तिहार का कार्यक्रम संचालित की है। आपके द्वारा दी गई आवेदनों पर विभागों के द्वारा तत्काल कार्रवाई की जा रही है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने भी संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार, समाधान शिविर में आवेदन पर विभागीय अधिकारी तत्काल निराकरण कर रहे है इसका जरूर लाभ लें। कार्यक्रम में मेघावी छात्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, आवास की स्वीकृति आदेश पत्र, दिव्यांगजनों को ट्राई सायकल, किसानों को बीज वितरण भी किए। कार्यक्रम में जगदलपुर नगर निगम महापौर संजय पाण्डेय, जनपद पंचायत बस्तर के अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला और जनपद पंचायत के सदस्य, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिंहा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित ब्लॉक के अधिकारी उपस्थित रहे।



### स्टालों का किया निरीक्षण

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री और वन मंत्री ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति का जायजा लिया। विकासखण्ड बस्तर के करन्दोला लेम्प्स के पास में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्रामों में विश्रामपुरी, भानपुरी, मुरकुची, कुम्हली, मुंडागुड़ा, नंन्दपुरा, अमलीगुड़ा, बनियागांव, करन्दोला, बोड़नपाल, बेसोली, बाकेल, कुगांरपाल, गुमगा शामिल थे।

### 4909 आवेदनों का हुआ निराकरण

शिविर में 4915 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 4909 आवेदनों का निराकरण किया गया, 6 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। इसके अलावा विकासखण्ड-बकावण्ड के मूली में आयोजित शिविर में बोरीगांव, कंरजी, कुम्हरावण्ड, बारदा, मूली, चापापदर, चिखलकरमरी, खमेसरी, किंजोली, पंडानार, नेगानार, मोहलई, रामपाल ग्राम पंचायत को शामिल किया गया था। इस शिविर में 3364 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 3357 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 7 लंबित हैं।

## पेज 11 के शेष

### राहुल गांधी से...

दिया। छात्रों से शिक्षा संवाद के लिए राहुल गांधी बिहार पुलिस के अलोकतांत्रिक रोक के विरोध करते हुए राहुल गांधी 3 किलोमीटर पैदल चल छात्रों तक पहुंचे और उनसे संवाद किया। राहुल गांधी के पीछे युवाओं की शक्ति है। इस प्रकार की एफआईआर से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

### रीयल लाइफ हीरो ...

सर्वांगीण विकास एवं संरक्षण के आयामों में भी कार्यरत है। संस्था ने अब तक 20000 से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी अपना सहयोग प्रदान किया है। महिला शक्तिकरण, स्वरोजगार, बस्तर समृद्धि एवं खुशहाल जैसे विचारों को केंद्र में रख कर कार्यरत संस्था बस्तर सामाजिक जन विकास समिति के संस्थापक व सचिव सुशील कुमार पाण्डेय को रविवार को प्रसारभारती भवन नई दिल्ली में आयोजित विजनरी इंडियंस अवॉर्ड कार्यक्रम में रियल लाइफ हीरो पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह अवार्ड अपने जमाने की मशहूर अदाकारा पूनम ढिल्लो ने प्रदान किया।

**खबर संक्षेप**

## दक्षिणी-पूर्व मानसून बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में होगा सक्रिय

**जगदलपुर।** दक्षिण पूर्व मानसून दक्षिण अरब सागर और दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान द्वीप के शेष हिस्से,अंडमान सागर और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में अगले एक दो दिनों में सक्रिय होने की संभावना है। बस्तर का भूगर्भीय क्षेत्र समुद्र तल से 550 मीटर ऊंचाई पर होने से मानसून आगमन के संकेत पूर्व से ही मिलने लगता है।मानसून दस्तक देने की शुरुवात बस्तर में पूर्व से आभास होने लगता है। यही कारण है,कि पिछले कुछ दिनों से दोपहर के बाद अंचल के मौसम में लगातार बदलाव होने लगा है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर ने रविवार को जो पूर्वानुमान जारी किया है,उसके मुताबिक वायुमंडल में पश्चिमी विक्षोभ 61 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में मध्य क्षोभमंडल में स्थित है। एक द्रोणिका मध्य पंजाब से उत्तर बांग्लादेश तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका पश्चिमी विदर्भ से उत्तर अंदरूनी कर्नाटक तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में सोमवर को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

**खेलकूद : पालनार में गूंजा क्रिकेट का जुनून**

# खिलाड़ियों संग मैदान पर उतरे वित्त मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा





ग्राम पंचायत पालनार में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में आजाद युवा स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में इस बार उत्साह का अलग ही नज़ारा देखने को मिला। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी स्वयं आयोजन स्थल पहुंचे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए मैदान में उतरकर क्रिकेट खेला।

खिलाड़ियों के बीच अचानक पहुंचे मंत्री को देखकर युवाओं में जोश और उत्साह दोगुना हो गया। सभी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। वित्त मंत्री ने खिलाड़ियों के साथ कुछ देर बल्लेबाजी कर प्रतियोगिता का आनंद उठाया।

### कलेक्टर रहते भी खेलों को देते रहे बढ़ावा

गौरतलब है कि ओपी चौधरी दंतेवाड़ा में पहले कलेक्टर के रूप में पदस्थ रहे हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ दूरस्थ व अंदरुनी गांवों के युवाओं को खेलों से जोड़ने का विशेष प्रयास किया। उनकी पहल पर कई गांवों में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होती थीं, जिससे युवा मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बने रहें। आज उन्हीं के कार्यकाल के कई युवा खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में शामिल हुए, जिनसे मुलाकात कर वित्त मंत्री भावुक हो उठे। उन्होंने खिलाड़ियों को गले लगाकर उनकी पीठ थपथपाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### खेलों को संजीवनी दे रहा नेतृत्व

यह भी उल्लेखनीय है कि पालनार जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी का गृह ग्राम है। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार खेल गतिविधियां होती रही हैं। क्रिकेट,कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो जैसे पारंपरिक और लोकप्रिय खेलों को प्रोत्साहन देने का काम वे लगातार करते आ रहे हैं। उनके प्रयासों से न केवल युवाओं को मंच मिला है, बल्कि पूरे जिले में खेलों के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, सरपंच राहुल वेट्टी, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित भदोरिया, जनपद सदस्य रामू नेताम, उपसरपंच विघ्नेश सिंहा, उदयचंद्र सिंहा, कुलदीप ठाकुर, साजन, बामन कश्यप, पवन मुड़ामी, गोविंद सिंहा, संजू यादव, रामकुमार मुड़ामी, जगदीश नेताम और पंकज नेताम, राहुल मुड़ामी, राजू सिन्हा,चंदू सिंहा, लखमू सिन्हा, गोपाल, लाला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और युवा मौजूद रहे।

### हरसंभव सहयोग का भरोसा

मंत्री चौधरी ने टूर्नामेंट को सफल बनाने हेतु आर्थिक सहयोग देने के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में भी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के जीवन में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना विकसित करते हैं।

### 24 टीमों की टक्कर, आकर्षक पुरस्कार

इस टूर्नामेंट में जिले भर की कुल 24 टीमों ने भाग लिया है, जिससे प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा का स्तर काफी ऊंचा रहा। विजेता टीम को 51,000, उपविजेता को 31,000 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 15,000 की नगद राशि के साथ-साथ आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ट्रॉफी, मेडल और व्यक्तिगत सम्मान भी रखे गए हैं, जिससे खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।


## वित्त मंत्री से मिलकर रखी वर्षों से सी मार्ट में लंबित भुगतान को जल्द कराने की मांग



**गीदम।** प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के दंतेवाड़ा जिले के गीदम प्रवास के दौरान नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना ने प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य भेंट की और सी मार्ट में व्यापारियों के लंबित भुगतान के संबंध में चर्चा की। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी को अवगत कराया की व्यापारियों की लगातार शिकायतें मिली है कि उनका विगत एक दो वर्षों से सी मार्ट में भुगतान लंबित है और कई प्रयासों के बाद भी आज तक उन्हें भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। गौरतलब हैं कि रजनीश सुराना नगर पंचायत अध्यक्ष से पहले व्यापारी संघ अध्यक्ष भी रह चुके हैं इसलिए वह व्यापारियों की समस्याओं को भलीभांति समझते हैं और लगातार व्यापारियों की मांगों के लिए और प्रयास करते रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने वित्त मंत्री से आग्रह किया कि सी मार्ट में फंसे हुए व्यापारियों के भुगतान को शासन द्वारा शीघ्र ही करवाया जाए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को अपने भुगतान के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना को आश्वस्त किया कि वह इस बात को आगे रखेंगे और कोशिश करेंगे कि व्यापारियों का भुगतान शीघ्र हो सके। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के बीच हुई सौजन्य भेंट से सी मार्ट में व्यापारियों के फंसे हुए भुगतान के संबंध में एक सकारात्मक परिणाम निकलने की उम्मीद है। वित्त मंत्री के आश्वासन से व्यापारियों को जल्द ही अपने भुगतान मिलने की उम्मीद है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि वह आगे भी नगर के लोगों की व व्यापारियो जो भी समस्याएं रहेगी उसे सुलझाने की और लोगों को मदद करने की कोशिश करेंगे।

# फोटोकॉपी के नाम पर 18 हजार का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और जनता को लाभ पहुंचाने के लिए सुशासन तिहार मना रही है, वहीं दूसरी ओर बकावंड विकासखंड में सरकारी धन में गड़बड़ी का मामला आया है।

मिली जानकारी के मुताबिक बकावंड विकासखंड में 15वें वित्त बुनियादी अनुदान (मुक्त) मद की राशि का मनचाहा उपयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायत पोटियावंड में फरवरी माह में एवीएम फोटोकॉपी के नाम पर जगदलपुर के किसी इंजीनियर को 18 हजार 400 रुपए का भुगतान शो किया गया है। भुगतान की वाउचर संख्या एक्सवीएफसी 2024- 25 पी/15 27 फरवरी 2025 है। फरवरी माह 28 दिन का था, उनमें से 8-9 दिन छुट्टियों वाले थे। बचे 20 दिनों में आखिर कितने सारे दस्तावेजों की फोटोकॉपी करा ली गई कि उसका बिल 18 हजार 400 रुपए का बन गया। आंकड़ों पर नजर डालें तो हर दिन औसत एक हजार रुपए फोटोकॉपी पर खर्च किए गए हैं।

दूसरा बड़ा सवाल यह भी पैदा हो रहा है कि वो इंजीनियर समाधान जगदलपुर कौन है जिसे भुगतान किया गया है। कहा जा रहा है कि सचिव पर आरोप लगा रहे हैं।

वहीं पंचायत सचिव संतोष सेठिया का कहना है कि उन्हें इस भुगतान के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# करीतगांव के स्काउट्स ने पंचमढ़ी में लिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

राष्ट्रीय स्पेशल आपदा प्रबंधन और व्यक्तित्व विकास एवं साहसिक गतिविधियों के प्रशिक्षण में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव विकासखंड बकावंड के चयनित छात्रों ने भाग लिया। स्काउट गाइड के राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी मध्यप्रदेश में 6 मई से 12 मई तक आयोजित कैंप में बस्तर जिले से 20 प्रतिभागी जिसमें 12 स्काउट के और 8 गाइड प्रतिभागी शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम में बस्तर जिले का प्रतिनिधित्व करीतगांव के स्काउट्स भारत, कुनाल, आशीष, मंगल ने किया। स्काउट गाइड को पर्वतारोहण, क्लाइंबिंग, तीरंदाजी, रॉक क्लाइंब जैसे साहसिक गतिविधियों का प्रशिक्षण कराया गया और विभिन्न आपदा प्रबंधन की गतिविधियों की जानकारी दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल के विशेष प्रयास से छत्तीसगढ़ की टीम में बस्तर जिले के स्काउट गाइड लगातार शामिल हो रहे है और बस्तर जिले के जिला स्काउट गाईड आयुक्त, महापौर संजय पाण्डे के मार्गदर्शन से बस्तर जिले में स्काउट गाइड की गतिविधियों में वृद्धि हुई है। प्रशिक्षण पूर्ण कर दल 13 मई को जगदलपुर वापस आया इस अवसर पर करीतगांव के स्काउट मास्टर रियाज अली ने बच्चों का स्वागत किया और सफलता की बधाई दी।

# पार्क बना शराबियों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली





बचेली वार्ड क्रमांक 5 में शा.सरस्वती स्कूल के ठीक सामने का पार्क पूरी तरह से बदहाल हों गया हैं। यहां बच्चों का मनोरंजन तो दूर,कॉलोनी वासी शुद्ध हवा में सैर भी नहीं कर सकते। पार्क में शाम ढलते ही शराब पीने वाले लोग अपना डेरा जमा लेते हैं। जिसके चलते पार्क में सैर करने वाले लोगों में रोष व्यापत हैं।

कॉलोनी के लोग सुबह सैर करने जाने पर पार्क का हाल देखकर हैरान हों जाते हैं। पार्क के एक हिस्से में शराब की टूटी बोतले, सिंगल यूज़ प्लास्टिक बैग जो की बैन किये गए हैं, नमकीन व अन्य खाद्य सामग्री बिखरी पड़ी हुई रहती हैं। शराब पीने वालो ने कुछ बोतले तोड़ रखी थीं। इन बोतलों का कांच पार्क में बिखरी पड़ी हुई थीं। सैर करने वालों का कहना हैं की पार्क का वातावरण स्वच्छ रखना भी आम नागरिक का कर्तव्य हैं। शराबी लोग पार्क में अव्यवस्था और गंदगी का माहौल पैदा कर पार्क की सुंदरता को ग्रहण लगाने का काम कर रहे हैं। इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। पुलिस की गशत बढ़ाई जाए और रात के समय चौकीदार को पार्क के अंदर तैनात किया जाए।

# भारतीय सेना के सम्मान में कोन्टा में निकाली गई तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान को शनिवार को नगर पंचायत कोंटा में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर शाम साढ़े चार बजे भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।

देशभक्ति के जोश और भारतीय सेना के सम्मान से सराबोर इस यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया। नगर की सड़कों पर तिरंगे की शान लहराई और 'जय हिंद' के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी घटना के बाद हमारे देश के 27 लोगों ने बेवजह से जान गवाई थी। वही इस घटना के बाद से देश के हर कोने से पाकिस्तान से जंग करने एवं आतंकवादी के खात्मे हेतु आवाज बुलंद हुई। 7 मई के आधी रात को हमारे भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के नाम से प्रहार कर दुश्मन के होश उड़ाते हुए पाकिस्तान के आतंकवादी के 9 ठिकानों में ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए सेना में अपने पराक्रम का परिचय दिया था।जिसके सम्मान में शनिवार को देश भर में भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा रैली निकाल कर सेना के साथ हर भारत वासी का नारा दिया गया।

इस रैली में बूढ़े, बुजुर्ग, बच्चे सहित हर वर्ग के लोग शामिल हुए। रैली कोन्टा के नगर पंचायत से शुरू होकर अटल चौक, अम्बेडकर पारा सहित मैन सड़क पर निकाला गया।

## 3706 आवेदनों में से 3701 का हुआ निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

विकासखंड बकावंड की ग्राम पंचायत मूली में सुशासन तिहार के तहत समस्या समाधान शिविर आयोजित किया गया। सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त कुल 3706 आवेदनों में से 3701 का निराकरण कर दिया गया है।

मूली में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम पंचायत बोरीगांव, चापापदर, बारदा, कुम्हरावंड, मूली, किंजोली, नवीन मोहलई, पंडानार, राजनगर, और राजनगर-2 को शामिल किया गया था। इस शिविर हेतु समस्त विभागों से संबंधित 3706 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 3701 आवेदन पत्रों का निराकरण किया गया है और पांच आवेदन लंबित है। अधिकांश आवेदन ग्रामीण विकास और पंचायत को मिले थे। शिविर में बस्तर के पूर्व विधायक डॉक्टर सुभाऊ कश्यप, जिला पंचायत सदस्य बनवासी मौर्य, जनपद अध्यक्ष सोनबारी भद्रे, उपाध्यक्ष तरुण पांडे पूर्व जनपद अध्यक्ष 9 ग्राम पंचायतों के सभी सरपंच अन्य जनप्रतिनिधि जनपद पंचायत बकावंड सीईओ, तहसीलदार, राजस्व एवं समस्त विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विभागों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया और सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का जानकारी भी दी गई।

# विधायक की मौजूदगी में संपन्न हुआ डिलमिली का समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



ग्राम पंचायत डिलमिली में सुशासन तिहार के अवसर पर समाधान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना रहा।

इस आयोजन में पंचायत के सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी रही। ग्रामीणजन की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही तत्काल समाधान किया गया, जिससे आमजन में संतोष एवं उत्साह देखा गया। इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस मौके पर गोयल ने ग्रामीणों से शिविर में अधिकाधिक भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने का ग्रामीणों के लिए यहां एक अच्छा अवसर है। अतः अभी भी ग्रामीण अपने ग्राम से संबंधित विभिन्न समस्याओं के संबंध में प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर सकते हैं क्योंकि पूरा प्रशासनिक महकमा उनके समक्ष उपस्थित है और उनके आवेदनों पर प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी। इस दौरान क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य सम्पत्ति नाग, जनपद अध्यक्ष मानकदेई कश्यप, रामबती भण्डारी, जनपद उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, जनपद सदस्य दयमती नाग, मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद वेंजाम, सोमारू राम कश्यप, महादेव कवासी, दुर्जन सिंह कश्यप, नारायण कुरानी, मेघनाथ कश्यप, विष्णु प्रसाद कश्यप, लक्की यादव, रमेश मण्डावी तथा आठ पंचायतों के सरपंचगण एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से कार्यक्रम को नई ऊंचाई प्राप्त हुई। विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन इस शिविर में उपस्थित रहे और शासन की योजनाओं से लाभान्वित हुए।

# सोलर पेयजल परियोजनाओं की समग्र प्रक्रिया कार्यशील होने पर ही होगी कार्य पूर्णता मान्य

हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा




संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आज कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा की फ्लैगशिप योजनाओं की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

- बैठक में निर्माणाधीन सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए समयावधि हुई तय

बैठक में जल जीवन मिशन, सौर सुजला योजना, डीएमएफ मद से संचालित सौर पेयजल परियोजनाएं, स्वास्थ्य केंद्रों हेतु सोलर पावर प्लांट स्थापना, सोलर हाईमास्ट, ऑन-ग्रिड सोलर पावर प्लांट, सोलर स्ट्रीट लाइट, होम लाइट और हितग्राही एवं सामुदायिक मूलक बायोगैस सयंत्र स्थापना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी परियोजना को तभी पूर्ण माना जाएगा जब टैंक निर्माण से लेकर पाइपलाइन और नल कनेक्शन तक की संपूर्ण प्रणाली कार्यशील हो। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन एवं सौर सुजला योजना जैसे शासन की प्राथमिक योजनाओं को पूरी प्राथमिकता देते हुए चिन्हित ग्रामों के हितग्राहियों का लक्ष्य निर्धारण कर शासन स्तर पर भेजा जाए।

उन्होंने निर्माणाधीन सोलर स्ट्रक्चर एवं फाउंडेशन आधारित कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया और कहा कि कार्यदायी एजेंसियों की नियमित बैठक लेकर उनके कार्यों की सतत निगरानी विभाग प्रमुखों द्वारा सुनिश्चित की जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में जल जीवन मिशन अन्तर्गत ग्राम मूलेर अन्तर्गत 6 नग, बासनपुर 1, कामालूर 1, झिरका 1 नग सोलर ड्यूल पंप की स्थापना कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही इन सभी ग्रामों में दो-दो हाई मास्ट संयंत्र लगाए जा चुके है। इसके अलावा डीएमएफ मद अन्तर्गत पेयजल, स्वास्थ्य, सोलर हाईमास्ट, सोलर ऑन ग्रिड, सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर होम लाइट के लक्षित 96 कार्यों में से 34 कार्यो को पूर्ण कर लिया गया है।

इस समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता निखिल कंवर, अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण से इंदुभूषण साहू, रविकांत भारद्वाज तथा प्रकाश सिंह राठौड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर योजनाओं को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करने को कहा।

**न्यायालय तहसीलदार लोहंडीगुड़ा के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202505151000024**

**मामले की श्रेणी : -राजस्व**

विषय :-ब-121 सन्:-2024-2025
गढ़िया प.ह.न.00018 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-पार्वती बैज,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, आवेदिका पार्वती बैज पिता स्व.भदरू राम बैज जाति माड़िया ग्राम गढ़िया तहसील लोहंडीगड़ा जिला बस्तर छ.ग. द्वारा आवेदिका अपनी स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदिका अपनी स्वयं पार्वती बैज पिता स्व. भदरू राम बैज का जन्म दिनांक 10/07/1961 को दर्शाया गया है।

जिसकी पेशी दिनांक 26/05/2025 को नियत किया गया है, यह उदघोषणा ग्राम पंचायत गढ़िया के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है तो वह उदघोषणा जारी नियत तिथि 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/05/2025 को जारी किया जाता है।

(मुहर) **कैलाश पोयाम**
**तहसील-लोहण्डीगुड़ा**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्रं. 354/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक समुंद राम पिता लखमू जाति भतरा ग्राम पाहुरवेल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पिताजी स्व. लखमू निवासी ग्राम पाहुरवेल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः आवेदक के पिताजी स्व. लखमू पिता स्व. जालम ग्राम पाहुरवेल का दिनांक 18/04/2021 को मृत्यु हुई है। आवेदक समुंद राम पिता स्व. लखमू बघेल जाति भतरा ग्राम पाहुरवेल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व. लखमू मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 25/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 01/05/2025 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर**

**खबर संक्षेप**

### छात्रवृत्ति के लिए बैंक खाता को आधार से लिंक करवाना अनिवार्य

**जगदलपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कक्षा तीसरी से 10 वीं तक के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदानप्राप्त संस्थाओं के प्राथमिक से हाईस्कूल तक की शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को राज्य छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु आधार आधारित भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया गया है, जिसके अंतर्गत राज्य छात्रवृत्ति हेतु पात्र सभी लाभार्थियों को अपने बैंक खातों को आधार से लिंक करवाना अनिवार्य होगा। विस्तृत जानकारी के लिए छात्र-छात्राएं स्कॉलरशिप पोर्टल पर लॉगिन कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने बताया कि उक्त दिशा में समुचित कार्यवाही करने के लिए सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों और प्रधान अध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं।

### युवाओं ने कहा पुस्तकें-कम्प्यूटर उपलब्ध और इंटरनेट की सुविधा भी अच्छी

**जगदलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव लाला जगदलपुरी ग्रंथालय बीआर बघेल ने बताया कि ग्रंथालय में छात्र-छात्राओं और युवाओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध है। प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं सहित सिविल सेवा तथा राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं हेतु पर्याप्त पुस्तकें, पाक्षिक एवं मासिक पत्र-पत्रिकाएं सुलभ है और इंटरनेट के जरिए पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध है। इंटरनेट से पढ़ाई करने वाले युवाओं के लिए पर्याप्त मात्रा में कम्प्यूटर भी उपलब्ध है।
जिला ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से भी ग्रंथालय की व्यवस्था के बारे में पूछने पर युवाओं ने कहा कि पुस्तकें,कम्प्यूटर उपलब्ध और इंटरनेट की सुविधा भी अच्छी है। एक प्रतियोगी आकांक्षा प्रसाद कश्यप ने बताया कि वह अभी हाल ही में नीट परीक्षा दे चुकी हैं और अब बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। यहां पर इंटरनेट की अच्छी व्यवस्था के चलते वह ऑनलाइन पढ़ाई कर रही हैं। वहीं सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में जुटे शुभम राय ने कहा कि आवश्यक किताबें उपलब्ध है लेकिन नवीन संस्करण के पुस्तकों की जरूरत है।

**कार्यशाला : नशा नहीं, नियम जरूरी की प्रेरणा बस्तर विश्वविद्यालय में छात्रों को मिली**

# हेलमेट पहनें, नशे से बचने उठी आवाज

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 18-19 मई को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं नशामुक्ति विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन अंतर्विभागीय नोडल एजेंसी तथा

- राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत बस्तर में सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति की अलख

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों और युवाओं में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाना और नशामुक्त समाज की दिशा में सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करना था। यह आयोजन 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्षता एनएएस की राज्य जनसम्पर्क अधिकारी डॉ.नीता बाजपेई, विशिष्ट अतिथि एसपी शलभ कुमार सिन्हा, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल, उप पुलिस अधीक्षक गीतिका साहू, उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष जैन, जिला सलाहकार राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण उमाशंकर साहू, व कुलसचिव डॉ राजेश लालवानी उपस्थित रहे। स्वागत भाषण में डॉ सजीवन कुमार ने कहा यह कार्यशाला केवल जागरूकता नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक कदम है। समाज की दिशा तब बदलेगी जब युवा जिम्मेदारी के साथ आगे आएंगे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.बीएल साहू ने किया।

#### बिना हेलमेट पेट्रोल दिए जाने पर लगे प्रतिबंध

कुलपति ने अपने उद्बोधन में भारत के सड़क नेटवर्क को विश्व में दूसरा सबसे बड़ा बताते हुए बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और युवाओं में नशे की लत पर गहरी चिंता व्यक्त की। बस्तर क्षेत्र में यातायात प्रबंधन को और अधिक सख्त करने की आवश्यकता पर बल देते हुए सुझाव दिया कि महत्वपूर्ण चौराहों पर निगरानी बढ़ाई जाए और बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल दिए जाने पर प्रतिबंध लगाया जाए।

#### समाज के प्रति नैतिक दायित्व निभाएं

डॉ नीता बाजपेयी ने कहा कि यदि हमने इस धरती पर जन्म लिया है, तो हमारा यह नैतिक दायित्व बनता है कि हम समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की पहली जिम्मेदारी है कि वह स्वयं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यातायात नियमों का पालन करे।

#### नशे की लत गंभीर चुनौती

पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने कहा कि आज के समय में नशे की लत जनसंख्या वृद्धि से भी अधिक गंभीर चुनौती बनकर उभरी है। नशा केवल शराब या तंबाकू तक सीमित नहीं है, बल्कि मोबाइल, सोशल मीडिया और अन्य व्यसनों की ओर भी युवाओं का अत्यधिक झुकाव देखा जा रहा है। हम सभी ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करें, वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, तो न केवल स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं, बल्कि दूसरों की जान भी बचा सकते हैं।

#### घटनाओं का कारण नशा में वाहन चलाना

नगर पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल ने युवाओं में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इन घटनाओं का सबसे बड़ा कारण नशा कर वाहन चलाना है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति की निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करता है, जिससे सड़क पर उसके व्यवहार में लापरवाही आती है, जो दुर्घटनाओं को जन्म देती है।

#### प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार

18 मई को पांच विधाओं रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें रंगोली में प्रथम कु श्वेता डहरिया, बीएड शमकविवि बस्तर, चित्रकला में प्रथम मिथुन बघेल, बीएससी, शापीजी कॉलेज, निबंध में प्रथम द्रोणा प्रसाद, एमए शासकिय पीजी कॉलेज कोण्डागांव, नुक्कड़ नाटक में प्रथम शासकिय महाविद्यालय कोण्डागांव, नारा लेखन में प्रथम कु जागृति साहू, बीएड शमकविवि बस्तर, स्कूल से निबंध प्रतियोगिता में प्रथम टिनेश्वर यादव शासकीय तितिरगांव रहे। प्रतियोगिता में जिला स्तर के विभिन्न कॉलेज व स्कूल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरूस्कृत किया गया।

## गुण्डागर्दी करने वाला युवक पुलिस गिरफ्त में



**जगदलपुर।** बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित गुरूगोविंद सिंह चौक में हाथों में तलवार लेकर आने जाने वालों को डराधमका कर गुण्डागर्दी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

मुख्य मार्ग में गुण्डागर्दी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर धारदार हथियार लहराकर डरा धमका कर गुंडा गर्दी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया गया7 पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल मंडावी 25 वर्ष निवासी सारवा इलेक्ट्रॉनिक के पीछे का रहने वाला बाताया। आरोपी गुरू गोविन्द सिंह चौक में आम रास्ता में अपने पास रखे धारदार हथियार से आने जाने वाले राहगिरो को डरा धमका रहा था। जिसे टीम द्वारा घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से धारदार तलवारनुमा लोहे का बंडा जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, एएसआई गोदावरी सिन्हा, प्रधान आरक्षक नितेश मेश्राम, आरक्षक राकेश मंडावी व नारायण कलामे की अहम भूमिका रही।

## स्वास्थ्य केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण...



**जगदलपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा और वनमंत्री केदार कश्यप ने रविवार को करंदोला (भानपुरी) स्थित स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में चर्चा भी किए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बसाक से अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में संज्ञान भी लिये। इस दौरान नगर निगम महापौर संजय पांडेय, बस्तर जनपद के अध्यक्ष, नगर निगम के पार्षद, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे ।

## सूखती की भरपाई की मांग को लेकर हल्ला बोला

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सोसायटी कर्मचारी विरोधी नीति के विरोध में सोमवार को समूचे प्रदेश के लेम्प्स प्रबंधको ने हल्लाबोला। इस दौरान मुख्यमंत्री एव सहकारिता मंत्री के नाम मांगपत्र

- मुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री के नाम मांगपत्र सीईओ को सौंपा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौपा।



बस्तर जिला सहकारी कल्याण महासंघ के जिलाध्यक्ष उत्तम सेठिया के नेतृत्व में जिले के अन्य प्रबंधक राजधानी रायपुर में आयोजित धरना-प्रदर्शन में सम्मलित हुए। जिलाध्यक्ष सेठिया मोबाइल से जानकारी देते कहा आज का धरना प्रदर्शन जबर्दस्त रहा। जिसमे पूरे प्रदेश के लेम्प्स सोसायटी के प्रबंधक सम्मलित हुते। शासन को अनेक बिन्दुओ पर मांगपत्र सौपा गया है। जिस पर अविलम्ब निर्णय लेकर लेम्प्स प्रबंधको को सुकती भरपाई से राहत देने की मांग की है। सेठिया के मुताबिक हर वर्ष धान खरीदी के बाद उठाव में देरी होने से खुले आसमान में सोसाइटियों में पड़े धान सूखने की समस्या आती है। जिसकी भरपाई हर वर्ष धान खरीदी समितियों से की जाती है। इस वर्ष भी धान खरीदी के 3 माह हो चुके है। अभी भी कुछ लेम्प्स सोसायटियों में खुले आसमान के नीचे धान जाम है।

समिति प्रबंधकों के अनुसार कस्टम मिलिंग के तहत इस साल धान का उठाव करने के लिए 40 मिलर्स ने पंजीयन कराया था । मार्कफेड द्वारा मिलर्स को बस्तर जिले में 79 केंद्रों से धान का उठाव किया गया। धान का उठाव होनें के तीन महीने बाद भी जिले के धान खरीदी केंन्द्रो में 6599 हजार क्विंटल धान का उठाव नहीं हुआ है। केंद्रों से धान का उठाव हो इसके लिए मार्कफेड के द्वारा कोई विशेष प्रयास भी नहीं किया जा रहा है।

वहीं तेज धूप से धान सूखने से 3422 क्विंटल धान की कमी बतायी जा रही है। हालांकि अब तक समितियों का मिलान पूरा नहीं हुआ है। धान के सूखने से नुकसान को लेकर धान खरीदी प्रभारियों को डर सता रहा है। महासंघ के बस्तर जिलाध्यक्ष उत्तम सेठिया ने बताया मार्कफेड समिति प्रबंधको से वसूली की तैयारी में जुटा है। मार्कफेड के इस एकतरफा कार्रवाई के विरोध में लेम्प्स सोसायटी प्रबंधको को सड़क पर उतरना पड़ा।

## नि:संतान दम्पति से 11 लाख से अधिक की ठगी

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

घर में पूजापाठ गृहशांति करने व निःसंतान दम्पति को संतान दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले धमतरी व बालोद जिले के दो

- धमतरी व बालोद जिले के दो महिला समेत तीन शातिर गिरफ्तार
- 128 .4 ग्राम सोना, 476 .61 ग्राम चांदी, 31 हजार नगद व बाइक जब्त

महिला समेंत तीन शातिर आरोपियों को लोहण्डीगुड़ा पुलिस ने अलग अलग इलाकों से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 11 लाख रूपए कीमत की 128.4 ग्राम सोना, 476.61 ग्राम चांदी, 31 हजार नगद व बाईक जब्त कर जेल भेजा गया।



मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व एसडीओपी लोहण्डीगुडा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी लोहण्डीगुडा निरीक्षक रवि कुमार बैगा के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था।

घटना की जानकारी देते हुए एएसपी ने बताया कि 20 अप्रेल को प्रार्थी लक्ष्मीनाथ बघेल निवासी चन्दनपुर लिटीभाटापारा थाना लोहण्डीगुड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 26 मार्च को आरोपियों द्वारा एक साथ मिलकर षड्यंत्रपूर्वक गृह शांति व पूजापाठ के नाम उसके घर पहुंचे और सोने, चांदी के जेवरात, बर्तन तथा नगदी रकम धोखाधड़ी कर ठगी किए है। प्रार्थी रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4), 61(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की सूक्ष्मता से जांच व पूछताछ के बाद आरोपियों की पतासाजी करते हुए अलग अलग क्षेत्रों से आरोपी दारा सिंह मण्डावी उर्फ सुकदेव 44 वर्ष निवासी कर्मा चौक महिमा सागर महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 34 धमतरी के अलावा कान्ती बाई गोड़ 39 वर्ष निवासी सतनामी पारा लीलर थाना अजुर्नी जिला धमतरी हाल निवास दारा सिंह मण्डावी का मकान कर्मा चौक तथा रेखा नेताम 47 वर्ष निवासी पुरूर मिरीटोला नाकापारा थाना पुरूर जिला बालौद हाल निवास सुरही थाना नरहरपुर जिला कांकेर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में पता लगा कि आरोपियों द्वारा ग्राम चन्दनपुर के अलावा ग्राम छिन्दगांव व ग्राम मांदर में भी घर में पूजापाठ गृहशांति के नाम पर व निःसंतान दम्पति को संतान दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर सोने चांदी के जेवरात, बर्तन एवं नगदी रकम को ठगी किया गया था।

#### इनकी रही अहम भूमिका

लोहण्डीगुड़ा पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों के कब्जे से 128.4 ग्राम सोना, 476.61 ग्राम चांदी के जेवरात के अलावा 31 हजार नगद व बाईक जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। लाखों के जेवरात व नगद बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक रवि कुमार बैगा व निरीक्षक गणेशराम यादव के अलावा एएसआई वीएस सोलंकी, आरक्षक नीलू राम कश्यप, प्रदीप शुक्ला व अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शुभांरभ के बाद तेजी से सड़क निर्माण का कॉलोनीवासियों को मिलेगा लाभ

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत परपा पुलिस आवासीय परिसर में सड़क निर्माण का कार्य पूर्णता की ओर है। इस बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण की मांग परपा पुलिस आवासीय परिसर मे निवासरत जनमानस विधायक किरण देव से किया था।

- विधायक को इस सौगात के लिए लोगो ने दिया धन्यवाद



जनता की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक ने विगत दिनों सड़क निमार्ण कार्य का शुभारंभ किया था । इस दौरान कहा था तय समय पर निमार्ण कार्य पूरा होना चाहिए। शुभारंभ के पश्चात निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। 70 लाख की लागत से 1.20 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क निर्माण से वहां के निवासरत 400 पुलिस परिवार के लोगों को अब आवागमन की सुविधा होगी। लोगों ने बताया विधायक किरण देव ने जो कहा वो किया के तर्ज पर हमारी वर्षो पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए आवासीय परिसर में सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ कराया जा रहा है । जिसके लिए आभार व्यक्त करते हैं।

## दिव्यांगजनों के लिए सुलभ एवं समावेशी चुनाव की दिशा में पहल

**दंतेवाड़ा।** दिव्यांग मतदाताओं की सुलभ, समावेशी एवं सम्मानजनक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज जिला कार्यालय के भू-स्थित सभाकक्ष में जिला एवं विधानसभा स्तरीय समितियों के गठन संबंधी बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में दिव्यांगजनों की मतदान प्रक्रिया में भागीदारी को अधिक सुलभ एवं समावेशी बनाने हेतु अनेक अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इनमें प्रमुख रूप से मतदान केन्द्रवार दिव्यांग मतदाताओं की पहचान कर उनका विस्तृत डाटा संधारण, जो दिव्यांगजन अभी तक मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं हैं, उनका नाम जोड़ने की प्रक्रिया, तथा मतदान में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाने जैसे बिंदु शामिल रहे।

# समस्याओं का समाधान तत्काल हो : संजय

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर संजय पाण्डे ने समाधान शिविर पर कहा प्रशासनिक अमला यह सोचकर शिविर में न आए कि हम समस्या लेने के लिए आए हैं बल्कि यह सोचकर उपस्थित रहे कि हम समस्या का त्वरित निराकरण करने आए हैं। हमें इस बात की चिंता करनी चाहिए की जनता की समस्याओं का निराकरण तत्काल कैसे हो। सभी प्रकरण की जांच गंभीरतापूर्वक करें व उसका निराकरण पुरे संवेदनशीलता के साथ होना चाहिए। जिस प्रकरण का स्थानीय स्तर पर निराकरण नहीं हो पा रहा है उसे बिना विलंब के राज्य सरकार या उच्च अधिकारी के पास भेजा जाए। सभी प्रकरण को गंभीरता से लिया जाए और कोशिश की जाए कि शिविर में ही समस्याओं का समाधान हो सके। कोई भी आवेदनकर्ता जब शिविर से लौटे तो उसके चेहरे पर मुस्कान हो और वह संतोषजनक दिखाई दे। शिविर से पहले संबंधित वार्डों में पार्षद के माध्यम से मुनादी होना भी आवश्यक है, जिससे वार्डवासियों को पता चल सके कि उनके वार्डो में शिविर कब व किस स्थान पर है। मालूम हो कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आज भगत सिंह स्कूल, लालबाग

- प्रकरण की जांच गंभीरतापूर्वक करें
- भगत सिंह स्कूल में 6 वार्ड के लोग शिविर में पंहुचे



मैदान के पास में नगर निगम जगदलपुर के द्वारा समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में कुल 6 वार्ड शामिल किए गए। जिनमें वीर सावरकर वार्ड, भगत सिंह वार्ड, सिविल लाइन वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड, चंद्रशेखर आजाद वार्ड शामिल हैं। 6 वार्डो से कुल 452 आवेदन प्रस्तुत हुए जिसमें से 451 प्रकरण का निराकरण किया गया। एक प्रकरण लंबित है जिसका निराकरण शीघ्र कर लिया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिविर में गर्भवती महिलाओं का गोद भराई रस्म व नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन करवाया गया। शिविर के माध्यम से हितग्राहियो को नवीन राशन कार्ड का वितरण भी किया गया।

शिविर में नगर निगम स्पीकर खेम सिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य योगेंद्र पांडे, निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के अध्यक्ष प्रकाश झा ने भी अपनी बात रखी।

कार्यक्रम में लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, श्याम सुंदर बघेल, हरीश पारेख, आशा साहू, नेहा ध्रुव, श्वेता बघेल, पूनम सिन्हा, यशवंत ध्रुव, अफरोज बेगम, लोकेश चौधरी, राजपाल कसेर, रीना घोष, शशिनाथ पाठक, सूर्य भूषण सिंह, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता, विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

